दिनांक- 06. 03. 2025

**कार्यवृत्त/ रेपोर्टिंग**

आज दिनांक 06. 03. 2025 गुरुवार अपराह्न 3:00 बजे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में **‘Understanding the protection of women from sexual harassment’ यौन उत्पीड़न अधिनियम से महिला सुरक्षा का अवगत’** विषय पर ‘दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र’ राजीव गाँधी विश्वविद्यालय द्वारा एक घंटे का ऑनलाइन वार्ता का आयोजित किया गया, जिसके मुख्य संरक्षक राजीव गाँधी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर एस. के. नायक रहें तथा कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलसचिव डॉ. एन. टी. रिकाम, प्रोफेसर ओकेन पादुङ वित्त अधिकारी एवं प्रोफेसर आसन रिदी निदेशक ‘दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र’ राजीव गाँधी विश्वविद्यालय रहें। कार्यक्रम की आयोजन समिति के सह समन्वयक डॉ. चैटियम लोवांग सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग सी. डी. ओ. ई., डॉ. बिदे मिंदो सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग सी.डी.ओ.ई रहीं तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरव मित्र सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग सी.डी.ओ.ई द्वारा किया गया। इस वार्ता का मुख्य वक्ता लिजा दुत्ता (सिंह) रहीं। सत्र का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। तत्पश्चात प्रोफेसर ‘सराह हिलाली’ द्वरा महिला दिवस की पृष्ठभूमि का संक्षिप्त परिचय देते हुए स्वागत भाषा दिया। इसके बाद सत्र के मुख्य वक्ता लिजा दुत्ता (सिंह) ने अपना वक्तव्य रखा, जिनमें महिला अधिकार पर विस्तृत चर्चा करते हुए यौन उत्पीड़न को कैसे रोके पर अपना व्याख्यान रखा। मैडम लिजा ने कुछ विशेष बिंदुओं पर अपनी बात रखी-

1. posh अधिनियम के तहत महिला स्वतंत्र अधिकार

2. यौन उत्पीड़न को रोकने हेतु संस्थान, संगठन एवं अन्य  कार्य स्थान का दायित्व

3. आंतरिक समिती का गठन एवं

4. चुनौतियों आदि पर खास ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने ने अंत में यह कहती हुई अपनी वाणी को विराम दिया “महिलाओं को हर एक क्षेत्र में सुरक्षा एवं सहेज महसूस करवाया जाना चाहिए चाहे शिक्षा संस्थान हो, चिकित्सालय हो या चाहे अन्य कार्य क्षेत्र हो"।

मुख्य वक्ता के संभाषण के पश्चात सत्र का सनिध्य करती हुई प्रोफेसर ‘एलिजाबेथ हांगसीङ’ निदेशक महिला अध्ययन एवं शोध केंद्र राजीव गाँधी विश्वविद्यालय ने धन्यबाद देते हुए वक्ता की सराहना की।

डॉ. देवी बरुआ अध्यक्ष, आयोजन समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा कार्यक्रम का अंत राष्ट्र गीत के साथ हुआ।